हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बुधवार, 27 अक्तूबर 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO 07 MIDDLE

केवी एयरफोर्स क्वार्टर फाइनल में

बरेली। श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन सेंट फ्रांसिस स्कूल और केंद्रीय विद्यालय एयर फोर्स स्कूल के बीच नॉकआउट मैच हुआ। केंद्रीय विद्यालय की टीम ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच जेपीएम स्कूल और इस्लामिया इंटर कॉलेज के बीच होना था। इस्लामिया इंटर कॉलेज की टीम समय पर नहीं पहुंची जिस कारण जेपीएम स्कूल को विजेता घोषित किया गया। केन्द्रीय विद्यालय के कप्तान अंकित कुमार को एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव व टूर्नामेंट आयोजन समिति के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच की ट्राफी दी। टूर्नामेंट सेक्रेटरी सोवन मोहंती ने बताया कि 27 अक्टूबर को दो नॉकआउट मैच खेले जाएंगे।